भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1759

मंगलवार, 10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पश्चिम बंगाल में वस्त्र पार्क

1759. श्री जगन्नाथ सरकारः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार की उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत पश्चिम बंगाल स्थित 10 विनिर्माण इकाइयों को लाभ मिला है तथा प्रत्येक इकाई के क्षेत्र और निवेश का ब्यौरा क्या है;

(ख) एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में स्थित दो वस्त्र पाकों का ब्यौरा क्या है, उनका स्थान, निर्माण की अवस्था तथा उनमें स्थित उद्योगों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पश्चिम बंगाल में इन टेक्सटाइल पार्क्स के लिए एसआईटीपी योजना के अंतर्गत कुल कितना निधि आवंटित और वितरित की गई है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): भारत सरकार की उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीमों के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में विनिर्माण इकाइयों का ब्यौरा, जिसमें संबंधित क्षेत्र तथा निवेश का विवरण शामिल है, **अनुबंध**-I में दिया गया है।

(ख) और (ग): वस्त्र मंत्रालय, निवेश बढ़ाने, रोजगार सृजित करने और वस्त्र क्षेत्र में अवसरों और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, देशभर के वस्त्र केंद्रों में विश्व स्तरीय, अत्याधुनिक अवसरंचना वाले टेक्सटाइल पार्क विकसित करने हेतु सब्सिडी प्रदान करने के लिए एकीकृत वस्त्र पार्क स्कीम (एसआईटीपी) कार्यान्वित कर रहा है। यह स्कीम 31.03.2021 तक लागू थी। अब, इस स्कीम का, केवल प्रतिबद्ध देनदारियों के मामले में, वस्त्र क्लस्टर विकास स्कीम (टीसीडीएस) में विलय कर दिया गया है। एसआईटीपी स्कीम के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में निम्नलिखित 2 परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं:

क्रम सं.	पार्क का नाम	स्थान	एसआईटीपी के तहत अनुमोदित परियोजना लागत	भारत सरकार का अनुमोदित हिस्सा	भारत सरकार का जारी किया गया हिस्सा	पार्क की स्थिति
1	ईएमआईजीएमईएएफ अपैरल पार्क लिमिटेड	कोलकाता	107.55	40.00	31.61	कार्यान्वयन के अधीन।
2	पश्चिम बंगाल होजरी टेक्सटाइल पार्क	जगदीशपुर, हावड़ा	70.14	28.06	25.25	कार्यान्वयन के अधीन।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 10.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1759 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्रम सं.	नाम	क्षेत्र	जिला	वास्तविक राशि/संसूचित निवेश (करोड़ रुपए में)
1	पर्वत फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	श्रेणी 2-जैविक	दार्जीलिंग	लागू नहीं*
2	आईटीसी लिमिटेड एफ एंड वी	फल और सब्जियां	हावड़ा	17.96
3	आईटीसी लिमिटेड आरटीसी	आरटीसी/आरटीई	हावड़ा	30.99
4	आईटीसी लिमिटेड आरटीसी	आरटीसी/आरटीई	हावड़ा	13.86
5	केवेंटर अर्गो लिमिटेड	फल और सब्जियां	कोलकाता	78.12
6	पारले बिस्कुट प्राइवेट लिमिटेड	आरटीसी/आरटीई	जलपाईगुड़ी	7.16
7	प्रताप स्नैक्स लिमिटेड	आरटीसी/आरटीई	हावड़ा	16.99
8	टाटा कंज्यूमर मर प्रोडक्ट्स लिमिटेड।	फल और सब्जियां	हावड़ा	10.02
9	टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड।	फल और सब्जियां	जलपाईगुड़ी	7.43
10	श्याम मेटालिक्स फ्लैट प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड	इस्पात	कोलकाता	300
11	जिंदल (इंडिया) लिमिटेड	इस्पात	हावड़ा	502
12	नियो मेटेलिक्स लिमिटेड	इस्पात	कोलकाता	200
13	सोरिन टेक प्राइवेट लिमिटेड	पीएलआई व्हाइट गुड्स	कोलकाता	13.01

*कंपनी ने श्रेणी II के तहत आवेदन किया है, जो पीएलआई स्कीम के तहत बिक्री आधारित प्रोत्साहन तंत्र है, जिसके द्वारा कंपनियों को अपने मौजूदा संयंत्रों से नवोन्मेषी और जैविक उत्पादों के विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

*****